निवेशक शिखर सम्मेलन में बहराइच को मिले 1,751 करोड़ के प्रस्ताव

मुकेश पांडेय • बहराइच

500 करोड़ का निवेश सोलर एनर्जी के लिए करेगा टाटा ग्रुप

350 करोड़ रुपये का आवासीय क्षेत्र में निवेश करेगा यूनीमैक्स

लखनऊ में 10 से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट के लिए आयोजित निवेशक शिखर सम्मेलन में उद्यमियों एवं निर्यातकों की ओर से 1,751 करोड़ रुपये के 69 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। जिले के 9,386 लोग प्रत्यक्ष रूप से रोजगार से लाभान्वित होंगे।

सम्मेलन में बाहरी उद्योगपतियों के साथ स्थानीय निवेशों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराई। मंडलायुक्त देवीपाटन एमपी अग्रवाल ने औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने को व्यापारियों, उद्यमियों, निर्यातकों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण का भरोसा दिया। डीएम डा. दिनेश चंद्र ने कहा कि इन्वेस्टर्स निर्यातक सम्मेलन में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। टाटा एनर्जी के सीईओ मनोज गुप्त ने सोलर एनर्जी के लिए चार जिलों में होने वाले 500 करोड़ के निवेश, यूनीमैक्स के एमडी राजेश गोयल ने 350 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव रखे। डीएम ने बताया कि अरोहुल इंटरप्राइजेज ने 50 करोड़, मैंथा मैन्यूफैक्चरिंग के नेचुरल एरोमेटिक 35 करोड़ रुपये, कत्था मैन्यूफैक्चरिंग के लिए ड्रीम इंडिया 35 करोड़, खैर वुड से कत्था मैन्यूफैक्चरिंग के लिए लियाना इंडस्ट्रीज 45 करोड़, सुदेश इंडस्ट्रीज ने 31 करोड़, साल्वेंट प्लांट के कृष्णा मोहन फूड्स ने 25 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया है।